पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः भाद्रपद 03, 1944
वीरवारः 25 अगस्त 2022

रक्षा मंत्री रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के लिए 26 अगस्त 2022 को नई दिल्ली में तंजानिया के अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 26 अगस्त 2022 को नई दिल्ली में तंजानिया के रक्षा और नेशनल सर्विस मंत्री डॉ. स्टेरगोमेना लॉरेंस टैक्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, दोनों मंत्री दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए रक्षा उद्योग सहयोग सहित नए उपायों की खोज करेंगे। रक्षा सहयोग के लिए गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु अति महत्वपूर्ण ढांचा 2003 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन है।

डॉ. टैक्स भारत प्रवास के दौरान हैदराबाद भी जाएंगी, जहां वह भारतीय रक्षा उद्योगों के साथ बातचीत करेंगी।

एबीबी/डीएस